E-mail: justiceambit@gmail.com

E-mail: legalambit.ho@gmail.com

PRGI No: RJBIL/26/A2945

नागौर से प्रकाशित...

# जस्टिस एम्बिट

हिन्दी एवं English समाचार पत्र

सत्य | न्याय | अधिकार



पढ़े.... 2

हरियालों...



पढ़े.... 3

जयपुर में...

वर्षः 01 | डिजिटल अंक | नागौर, मंगलवार 04 अगस्त, 2026 | मूल्यः 2.00 रुपए | पृष्ठः 4

# नितिन नवीन की सीट पर प्रशांत किशोर जीते

## बांकीपुर में भाजपा को 18,953 वोट से हराया; एमपी के दतिया में कांग्रेस, गुजरात में भाजपा जीती

**पटना/भोपाल/अहमदाबाद।** बिहार, मध्य प्रदेश और गुजरात की तीन विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों के रिजल्ट आ गए हैं। बिहार के बांकीपुर में जनसुराज पार्टी के फाउंडर प्रशांत किशोर 18953 वोटों से जीत गए हैं। प्रशांत को 63203 वोट मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार को 44250 वोट मिले। बांकीपुर सीट भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की पारंपरिक सीट है। वे यहां से लगातार 5 बार विधायक रहे हैं। उनके राज्यसभा जाने के बाद इस सीट पर उपचुनाव कराया गया। इधर, MP के दतिया में कांग्रेस उम्मीदवार घनश्याम सिंह ने 6016 वोटों से जीत दर्ज की। भाजपा ने यहां पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा का टिकट काटकर आशुतोष तिवारी को उम्मीदवार बनाया था। आशुतोष नरोत्तम मिश्रा के पोलिंग बूथ पर भी नहीं जीत पाए। वहीं गुजरात के मंजलपुर में भाजपा के सतेन्द्रभाई (सतीश) पटेल ने 30630 वोटों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। उन्होंने कांग्रेस के भिखाभाई रबारी को हराया। तीनों सीटों पर 30 जुलाई को वोटिंग हुई थी।

### प्रशांत किशोर बोले- बिहारी सिर्फ मजदूर बनने के लिए पैदा नहीं हुए

जन सूरज पार्टी के उम्मीदवार प्रशांत किशोर ने कहा– सारा फायदा गुजरात को ही क्यों मिलना चाहिए? बिहारी सिर्फ मजदूर बनने के लिए पैदा नहीं हुए हैं; राज्य एक बेहतर मुख्यमंत्री का हकदार है।

### प्रशांत किशोर ने कहा- हमारी प्राथमिकता जनता का सम्मान करना



प्रशांत किशोर बोले– मेरे विधायक बनने से बांकीपुर रातों–रात बेंगलुरु नहीं बन जाएगा, लेकिन आप अगले दो–तीन महीनों में यहां कुछ सुधार जरूर देखेंगे। बांकीपुर की जनता ने भाजपा नेतृत्व को एक स्पष्ट संदेश दिया है। कृपया बिहार के लिए एक अच्छे व्यक्ति को मुख्यमंत्री नियुक्त करें।

### दतिया में जीत की ओर कांग्रेस, घनश्याम 11058 वोटों से आगे

दतिया विधानसभा उपचुनाव की मतगणना के 13वें राउंड में कांग्रेस ने 3260, जबकि भाजपा ने 4809 वोट हासिल किए हैं। अब कांग्रेस की कुल लीड 11058 वोटों की हो गई है। वहीं, वोटों का अंतर भी पिछले चुनाव की जीत से ज्यादा हो गया है। 15 राउंड की काउंटिंग में से अब 2 राउंड ही बाकी हैं।

### गुजरात के वडोदरा में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने गरबा किया

गुजरात के वडोदरा में मंजलपुर विधानसभा उपचुनाव की मतगणना के बीच भाजपा उम्मीदवार सतीश पटेल की बढ़त के बीच पार्टी कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। महिला कार्यकर्ताओं ने जीत के समर्थन में नारे लगाए और गरबा डांस किया।

### प्रशांत किशोर 10 हजार वोटों से आगे, 18वें राउंड की गिनती पूरी

बांकीपुर उपचुनाव में 18वें राउंड की मतगणना के बाद जन सुराज संस्थापक प्रशांत किशोर 10 हजार वोटों के अंतर से आगे हैं। उन्हें अब तक 35,713 वोट मिले हैं। भाजपा के नीरज कुमार को 25,277 वोट मिले हैं और वे 10,436 वोटों से पीछे चल रहे हैं। 31 में से 18 राउंड की मतगणना पूरी हो चुकी है। 13 राउंड की गिनती अभी बाकी है।

### प्रशांत किशोर 12 हजार वोटों से आगे, 18वें राउंड की गिनती पूरी

बांकीपुर उपचुनाव में 18वें राउंड की मतगणना के बाद जन सुराज संस्थापक प्रशांत किशोर 12809 वोटों के अंतर से आगे हैं। वहीं, भाजपा के नीरज कुमार को 25,277 वोट मिले हैं और वे 10,436 वोटों से पीछे चल रहे हैं। 31 में से 18 राउंड की मतगणना पूरी हो चुकी है। 13 राउंड की गिनती अभी बाकी है।

### गुजरात में BJP प्रत्याशी सतेन्द्रभाई पटेल का रोड शो शुरू हुआ

मांजलपुर उपचुनाव में बीजेपी कैंडिडेट सतेंद्रभाई पटेल की जीत के बाद **BJP** कार्यकर्ताओं ने मतगणना केंद्र के बाहर ही जश्न मनाया। इसके बाद उनका रोड शो निकाला गया।

### गुजरात की मंजलपुर सीट पर BJP प्रत्याशी सतीश पटेल जीते

गुजरात के वडोदरा की मंजलपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा के सतेन्द्रभाई (सतीश) पटेल ने 30,499 वोटों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। कांग्रेस के भिखाभाई रबारी को 24,585 वोट मिले। जीत के बाद सतीश पटेल ने कहा कि मंजलपुर की जनता ने जिस तरह योगेश काका को प्यार और समर्थन दिया, उसी तरह मुझे भी आशीर्वाद दिया है। वहीं, भिखाभाई रबारी ने हार स्वीकार करते हुए आरोप लगाया कि मतदान के आखिरी समय में भाजपा ने डर का माहौल बनाया था। 30 जुलाई को हुए उपचुनाव में 37.05% मतदान हुआ था।

## ट्रम्प बोले- ईरान पर फिर हमला कर सकता हूं:लेकिन लोगों को मारना नहीं चाहता, आज से फिर होगी बातचीत




**वॉशिंगटन डीसी/तेहरान/तेल अवीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका जरूरत पड़ने पर ईरान पर फिर हमला कर सकता है, लेकिन वह सैन्य कार्रवाई के बजाय बातचीत के जरिए समाधान चाहते हैं एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रम्प ने कहा, हम जब चाहें कार्रवाई कर सकते हैं, लेकिन मैं लोगों को मारना नहीं चाहता। अगर समझौता हो जाता है तो बहुत–सी जानें बच जाएंगी। उन्होंने बताया कि सोमवार से अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थों के जरिए अप्रत्यक्ष बातचीत शुरू होगी। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि वार्ता कहां होगी और इसमें कौन शामिल होगा। उनके मुताबिक, वार्ता में होर्मुज स्ट्रेट और ईरान के परमाणु कार्यक्रम जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा होगी।

### पिछले 24 घंटे के 5 बड़े अपडेट्स

1. **ट्रम्प ने फिलहाल ईरान पर हमला टाला:** ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान और दूसरे पश्चिम एशियाई देशों की ओर से समझौते का प्रस्ताव मिलने के बाद अमेरिका ने फिलहाल ईरान पर प्रस्तावित हमला टाल दिया है।

2. **ईरान की चेतावनी–** हमला हुआ तो अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाएंगे- ईरानी सांसद इब्राहिम रेजाई ने कहा कि अगर अमेरिका ने हमला किया तो ईरान सिर्फ खाड़ी क्षेत्र ही नहीं, बल्कि जहां–जहां अमेरिकी सैन्य ठिकाने हैं, उन्हें निशाना बनाएगा।

# जंतर-मंतर प्रदर्शन: सरकार ने कहा- स्टूडेंट्स पर केस नहीं होगा

## 2700 अपराधियों पर FIR कायम रहेगी; सुप्रीम कोर्ट बोला-सख्ती करने वाले जवानों को न बचाएं

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि नीट पेपर लीक को लेकर विरोध करने वाले छात्रों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं की जाएगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सोमवार को कहा, 'सरकार अपने वादे पर कायम है। छात्रों के खिलाफ कोई स्न्ढ्ढक्रनहीं होगी।' मेहता ने ये भी कहा कि प्रदर्शन के दौरान गंभीर अपराधों को लेकर जिन 2700 से ज्यादा लोगों पर एफआईआर दर्ज हुई हैं, इन्हें वापस नहीं लिया जाएगा। कॉकरोच जनता पार्टी ने इस मसले पर दिल्ली के जंतर–मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया था। उनकी 3 मांगें थी, जो सरकार ने मान ली थीं। इनमें एक मांग यह भी थी कि सरकार विरोध प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं करेगी। मामले पर अब 18 अगस्त को सुनवाई होगी।

### कोर्ट बोला- जिन जवानों ने सख्ती की, उन्हें न बचाएं

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उन याचिकाओं पर सुनवाई की, जिनमें 20 जुलाई के संसद मार्च के दौरान पुलिस पर बर्बरता का आरोप लगाया गया है। वकील वृंदा ग्रोवर ने पूछा कि क्या प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस ली जाएंगी या रद्द की जाएंगी। इस पर मेहता ने कहा कि कानूनी तौर पर जो भी तरीका सही हो, सरकार अपने वादे पर कायम है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि अगर कोई पुलिस अधिकारी जरूरत से ज्यादा बल का इस्तेमाल करता है, तो उसे बेवजह बचाया नहीं जाना चाहिए। और ऐसा भी नहीं होना चाहिए कि छात्र प्रदर्शन की आड़ में किसी कुख्यात अपराधी को बचाया जाए। परीक्षाओं में गड़बड़ी और नीट पेपर लीक के खिलाफ कॉकरोच जनता पार्टी का विरोध प्रदर्शन 36 दिन तक चला था। 25 जुलाई को धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद यह प्रदर्शन खत्म कर दिया गया था।



### कोर्ट का फोकस 2 मुद्दों पर

बेंच प्रदर्शनकारियों और पैलेट गन से घायलों के आरोपों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज की अध्यक्षता में एक **SIT** बना सकती है। कोर्ट यह भी पता लगाने की कोशिश कर सकता है कि पुलिसकर्मियों पर हमले छात्रों ने किए थे या छात्रों की भीड़ में घुस आए शरारती तत्वों ने।

### पिछली सुनवाई में कहा था- क्रिमिनल रिकॉर्ड वाले छोड़े न जाएं

28 जुलाई को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कोई भी सख्त कार्रवाई करने से रोक दिया था। कोर्ट ने यह भी कहा था कि 18 साल से कम उम्र वाले लोगों का कोई क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं हो तो उन्हें रिहा कर दिया जाए। अदालत ने महाराष्ट्र, बिहार, असम, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और केरलम सरकार को नोटिस जारी किए थे और उनके एडवोकेट जनरल से अगली सुनवाई की तारीख पर ऑनलाइन पेश होने को कहा था।

## उत्तराखंड- लैंडस्लाइड से हाईवे बंद, छत्तीसगढ़ में पुल टूटा

### यूपी में सड़क पर नाव चली, राजस्थान में छत गिरने से 8 साल की बच्ची की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में लैंडस्लाइड के कारण यमुनोत्री नेशनल हाईवे कई जगहों पर बंद हो गया है। इसके चलते यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, रुद्रप्रयाग में लगातार बारिश के चलते कई इलाकों में लैंडस्लाइड का खतरा बढ़ गया है। छत्तीसगढ़ में लगातार बारिश से बिलासपुर–रतनपुर–पेंड्रा मार्ग पर पुल दो हिस्सों में टूट गया। इसी दौरान पुल से गुजर रही एक यात्री बस बीच में फंस गई। पहाड़ी इलाकों में हो रही भारी बारिश से उत्तर प्रदेश में गंगा, घाघरा और शारदा समेत 10 नदियां उफान पर हैं। बिजनौर में गंगा का पानी 6 गांवों में घुस गया है।

# महिला पहलवान यौन शोषण केस में बृजभूषण सिंह बरी

## बोले- होइहि सोइ जो राम रचि राखा; विनेश फोगाट बोलीं- उम्मीद नहीं छोड़ी, हाईकोर्ट जाएंगे

**नई दिल्ली/गोंडा।** भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह को महिला पहलवानों से जुड़े यौन शोषण मामले में दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने बरी कर दिया। सोमवार को फैसले के वक्त पूर्व सांसद बृजभूषण और भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व सचिव विनोद तोमर कोर्ट में मौजूद रहे।

फैसले के बाद बृजभूषण ने कहा–जज ने कहा कि बृजभूषण और विनोद तोमर आप लोगों को बाइज्जत बरी किया जाता है। मैंने पहले कहा था कि अगर कोई आरोप साबित हो जाएगा तो मैं फांसी पर लटक जाऊंगा। मेरे लिए खुशी का दिन है। होइहि सोइ जो राम रचि राखा। कोर्ट के फैसले के बाद पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने कहा– हमने उम्मीद नहीं छोड़ी है। हाईकोर्ट में फैसले को चुनौती देंगे। यौन शोषण का यह मामला जनवरी 2023 में सामने आया था। विनेश फोगाट, साक्षी मलिक समेत कई पहलवानों ने बृजभूषण के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए दिल्ली के जंतर–मंतर पर धरना दिया था। बृजभूषण तब WFI प्रेसिडेंट थे। आरोप था कि नाबालिग समेत 6 महिला पहलवानों ने बृजभूषण के खिलाफ शिकायत की थी, इसमें एक नाबालिग थी। लेकिन कोई स्न्ढ्ढक्रदर्ज नहीं हुई। सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद अप्रैल 2023 में स्न्ढ्ढक्र दर्ज की गई। बाद में नाबालिग पहलवान ने शिकायत वापस ले ली थी।



## मंगलवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे फॉलोअप शिविर

**नागौर।** ग्रामीण सेवा शिविर के फॉलोअप शिविर मंगलवार,4 अगस्त को जिले की 9 ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे। शिविर नागौर की जोधियासी ,मूण्डवा की गाजू,जायल की बुगरड़ा एवं धारणा,खींवसर की पाबूसर व भोमासर,मेड़ता की गंठिया,डेगाना की गुन्दीसर तथा रियांबड़ी की बीजाथल ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे।

## बिजली-बिल अपडेट के नाम पर 1.95 लाख की साइबर ठगी

### मैसेज में के-नंबर के साथ भेजा लिंक, क्लिक करते ही खाली हुआ अकाउंट

**जयपुर।** जयपुर में बिजली बिल अपडेट के नाम पर साइबर ठगों ने एक व्यक्ति से 1.95 लाख की ऑनलाइन ठगी कर ली। ठगों ने व्यक्ति के फोन परच-नंबर के साथ मैसेज में एक लिंक भेजा, जैसे ही व्यक्ति ने लिंक पर क्लिक किया तो उसका मोबाइल हैक हो गया। इस दौरान ठगों ने पीड़ति का अकाउंट खाली कर दिया। ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसएचओ (ट्रांसपोर्ट नगर) राजेन्द्र प्रसाद मीणा ने बताया कि जगतपुरा के गांधी विहार निवासी शकील अहमद (53) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। शकील ने पुलिस रिपोर्ट में बताया कि उसके मोबाइल पर बिजली बिल अपडेट करने का मैसेज आया। जिसमें उनके बिल काच-नंबर और एक लिंक दिया गया था।

### मैसेज में फ्रॉड लिंक भेजकर ठगी

बिल अपडेट करने और पेमेंट के लिए लिंक पर क्लिक किया, लेकिन क्लिक करते ही मोबाइल हैक हो गया, और फोन का एक्सेस ठगों के पास चला गया। इस दौरान साइबर क्रिमिनल ने बैंक अकाउंट में सेंध लगाकर 1.95 हजार रुपए निकाल लिए। कुछ देर बाद बैंक अकाउंट से रुपए निकलने का मैसेज मिलने पर पीड़ित का साइबर फ्रॉड का पता चला। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज किया।

# हरियालो राजस्थान अभियान के तहत बिछीवाड़ा में स्काउट-गाइड्स ने निकाली जागरूकता रैली

### एक पेड़ माँ के नाम के नारों से गूँजा कस्बा, विद्यार्थियों ने ली पौधों के संरक्षण की शपथ






**डूंगरपुर/संतोष व्यास।** प्रदेश सरकार के हरियालो राजस्थान-हरित राजस्थान अभियान के तहत बिछीवाड़ा कस्बे में पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता का संदेश देने के उद्देश्य से सोमवार को एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में भारत स्काउट एवं गाइड के बैनर तले विशाल जन-जागरूकता रैली निकाली गई तथा विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। यह पूरा आयोजन पदेन प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मीलाल पाटीदार की अध्यक्षता एवं निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपसरपंच ठाकुर करणी राज सिंह चौहान रहे।

### मुख्य बाजार से गुजरी जागरूकता रैली

मुख्य अतिथि ठाकुर करणी राज सिंह चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। स्काउट सचिव सोहन लाल भगोरा, स्काउट प्रभारी मक्सीराम फलेजा एवं वृक्षारोपण प्रभारी घनश्याम नायक के नेतृत्व में स्काउट-गाइड्स और विद्यार्थियों ने पौधे लगाओ-पर्यावरण बचाओ, एक पेड़ माँ के नाम तथा वृक्ष हैं तो भविष्य है जैसे प्रेरक नारों के साथ कस्बे के प्रमुख मार्गों एवं मुख्य बाजारों में पर्यावरण चेतना का संदेश फैलाया।

### छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण

रैली का समापन राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में हुआ, जहाँ प्रधानाचार्य गीतिका पंड्या ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर विभिन्न प्रजातियों के छायादार और फलदार पौधे रोपे तथा उनके निरंतर संरक्षण का संकल्प लिया। वृक्षारोपण हेतु ग्राम पंचायत बिछीवाड़ा के ग्राम विकास अधिकारी हीरालाल अहारी द्वारा नि:शुल्क पौधे उपलब्ध करवाए गए, जिसके लिए विद्यालय परिवार और अतिथियों ने उनका आभार प्रकट किया।

### प्रबुद्ध जनों की गरिमामयी उपस्थिति

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नीलकंठ गौशाला अध्यक्ष गणेशलाल कलाल, अरविंद लबाना एवं महेंद्र जैन उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में प्रत्येक नागरिक से जीवन में कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी पूर्ण जिम्मेदारी के साथ देखभाल करने का आह्वान किया। इस दौरान एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मण लाल खोखरिया, विद्यालय स्टाफ, एनएसएस स्वयंसेवक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ मौजूद रहे। यह आयोजन कस्बे में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनुकरणीय पहल साबित हुआ।

# कालीबाई भील एवं देवनारायण मेधावी छात्रा स्कूटी योजना में पात्र छात्राओं ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### सत्र 2024-25 की वंचित छात्राओं ने उठाई मांग, कहा- नगद राशि की जगह स्कूटी ही दे सरकार

**डूंगरपुर/संतोष व्यास।** राज्य सरकार की ओर से मेधावी छात्राओं को दी जाने वाली कालीबाई भील एवं देवनारायण मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के तहत डूंगरपुर जिले की वंचित छात्राओं ने सोमवार को मोर्चा खोल दिया। सत्र 2024-25 की पात्र मेधावी छात्राओं ने जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपकर प्रोत्साहन राशि के स्थान पर स्कूटी ही वितरित किए जाने की जोरदार मांग की है। छात्राओं ने ज्ञापन में बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में 65 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्कूटी प्रदान करने का प्रावधान किया गया था। हालांकि, सत्र 2024-25 में कुछ पात्र छात्राओं को स्कूटी वितरित की गई, लेकिन इसके बाद शेष बची छात्राओं को स्कूटी की बजाय केवल नकद प्रोत्साहन राशि देने का आदेश जारी कर दिया गया है। छात्राओं का कहना है कि नकद राशि की तुलना में स्कूटी उनके आगे की उच्च शिक्षा और आवागमन के लिए कहीं अधिक उपयोगी एवं सहायक सिद्ध होती है। इसलिए सरकार को अपने निर्णय पर




पुनर्विचार करते हुए सभी पात्र मेधावी छात्राओं को स्कूटी ही प्रदान करनी चाहिए।

### ज्ञापन सौंपने में शामिल प्रमुख छात्राएं

ज्ञापन सौंपने के दौरान भूमिका रोत, कृष्णा सरपोटा, सुनिता डामोर, गौरी खराड़ी, मनीषा डिंडोर, मोनिका राणा, अनिता रोत, शिल्पा रोत, दक्षा मनात, सोनल डामोर, भूमिका डामोर, सीमा भगोरा, अंजली रोत, पायल कटारा, शिल्पा कुमारी डिंडोर, सरस्वती अहारी, कला रोत, खुशबू डिंडोर, मोनिका रोत, गायत्री रोत, रेखा डामोर, रीना डिंडोर, जयश्री मनात, गायत्री मनात तथा हिमानी रोत सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# उदयपुर लोकसभा क्षेत्र में रेल विस्तार की मांग ने पकडा जोर : सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने 4 नए रेल मार्गो के सर्वे की लोकसभा में उठाई मांग

### दक्षिण राजस्थान के जनजातीय क्षेत्रों को रेल कनेक्टिविटी से जोड़ने और आर्थिक विकास को गति देने का किया आग्रह



**उदयपुर/डूंगरपुर/संतोष व्यास।** दक्षिण राजस्थान के दुर्गम और जनजातीय बहुल उदयपुर लोकसभा क्षेत्र को देश के प्रमुख रेल नेटवर्क से जोड़ने के लिए सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने सोमवार को संसद में प्रमुखता से आवाज उठाई। नियम 377 के तहत लोकसभा में मामला रखते हुए सांसद ने क्षेत्र के सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक विकास को नई गति देने के लिए चार नए रेल मार्गों के तत्काल सर्वे की मांग की।

सांसद डॉ. रावत ने सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में रेलवे का ऐतिहासिक विस्तार हुआ है, लेकिन उदयपुर का अधिकांश जनजातीय क्षेत्र दुर्गम पहाड़ियों के कारण आज भी रेल सुविधाओं से वंचित है। इसके चलते स्थानीय लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, व्यापार और आवागमन में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सांसद ने चार प्रमुख रेल मार्गों के सर्वे को प्राथमिकता देने का आग्रह किया जिसके तहत उदयपुर-पिंडवाड़ा-आबूरोड लाइन का सर्वे होने से गुजरात के कांडला बंदरगाह से बेहतर कनेक्टिविटी स्थापित कर व्यापार और उद्योगों को बढ़ावा देगी। वहीं, उदयपुर-गोगुंदा-सायरा-फालना मार्ग से मारवाड़ और गुजरात से सीधा रेल संपर्क स्थापित करेगा।

इसके अलावा उदयपुर-जयसमंद रोड-प्रतापगढ़ मार्ग द्वारा दूरस्थ जनजातीय इलाकों को मुख्यधारा की रेल सुविधाओं से जोड़ेगा। वहीं, बड़ी सादड़ी-बांसवाड़ा मार्ग दक्षिण राजस्थान और पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश के बीच एक मजबूत अंतरराज्यीय रेल संपर्क कायम करेगा। सांसद रावत ने विश्वास जताया कि विकसित भारत-2047 के विजन के अनुरूप इन प्रस्तावित रेल लाइनों का सर्वे कराकर स्वीकृतियां प्रदान की जाती हैं, तो इससे न केवल उदयपुर बल्कि पूरे मेवाड़ और वागड़ अंचल के समग्र विकास को एक नया आयाम मिलेगा।

## पुनाली रोड पर असामाजिक तत्वों का आतंक : देर रात मिनी बस पर पथराव, शीशा टूटा

### आए दिन हो रही घटनाओं से स्थानीय लोगों में आक्रोश, दोवड़ा थाने में शिकायत दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग



**डूंगरपुर/संतोष व्यास।** जिले के दोवड़ा थाना क्षेत्र के पुनाली-दोवड़ा मार्ग पर देर रात सफर करना अब राहगीरों और वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित होने लगा है। आए दिन हो रही पथराव की घटनाओं से क्षेत्रवासियों और वाहन चालकों में गहरा रोष व्याप्त है। ताजा मामले में बीती देर रात अहमदाबाद से आ रही एक निजी मिनी बस को निशाना बनाते हुए बदमाशों ने पथराव कर दिया, जिससे बस का सामने का कांच बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस संबंध में पीड़ति बस मालिक ने दोवड़ा थाना पुलिस को लिखित रिपोर्ट सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### क्या है पूरा मामला?

पुलिस को सौंपी गई रिपोर्ट के अनुसार, वा?ा पुनाली निवासी चंद्रवीर सिंह पुत्र शिवसिंह डाबी की मिनी बस रविवार को अहमदाबाद से सवारियां लेकर आ रही थी, देर रात करीब 12:50 बजे जब होण्डा शोरूम के पास पहुंची, तभी अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने चलती बस पर अचानक पत्थरबाजी कर दी। अचानक हुए इस हमले से चालक घबरा गया, हालांकि उसने सूझबूझ दिखाते हुए बड़ा हादसा होने से टाल दिया। पत्थर लगने से बस का आगे का कांच टूट गया। गनीमत रही कि बस चालक मुकेश पुत्र देवीलाल मीणा निवासी झल्लारा और उसमें सवार यात्री बाल-बाल बच गए, अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो सकता था।

### बढ़ती घटनाओं से दहशत का माहौल

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पुनाली रोड पर देर रात असामाजिक तत्वों और बाइक सवार बदमाशों की आवाजाही बढ़ गई है। आए दिन राहगीरों के वाहनों पर पत्थर फेंकने जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे वाहन चालकों में जान-माल का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों और पीड़ति पक्ष ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि पुनाली एवं आसपास के क्षेत्र में रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाई जाए तथा इस प्रकार की वारदात को अंजाम देने वाले अज्ञात बदमाशों को जल्द से जल्द चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

# भील प्रदेश विद्यार्थी मोर्चा ने राजकीय महाविद्यालय चौरासी की कार्यकारिणी का किया विस्तार, पोपटलाल डामोर बने अध्यक्ष

**डूंगरपुर/संतोष व्यास।** भील प्रदेश विद्यार्थी मोर्चा (बीपीवीएम) ने जिले के राजकीय महाविद्यालय चौरासी में अपने संगठनात्मक ढांचे को और अधिक मजबूती प्रदान करते हुए कॉलेज इकाई की नई कार्यकारिणी का विस्तार किया है। इस दौरान सर्वसम्मति से पोपटलाल डामोर को कॉलेज इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी विस्तार के दौरान संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने नवयुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया और छात्र हितों में सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भील प्रदेश विद्यार्थी मोर्चा के जिला संयोजक तुषार परमार, जिला महासचिव कल्पेश रोत तथा जिला




मीडिया प्रभारी विजयपाल होता, पूर्व छात्र महासचिव निलेश रोत, रवि परमार, कपिल डामोर एवं रवि खराडी ने कार्यक्रम में भाग लेकर नवगठित कार्यकारिणी का उत्साहवर्धन किया। चौरासी कॉलेज इकाई की नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष पोपटलाल डामोर, उपाध्यक्ष हरीश कटारा, प्रतीक्षा बरंडा, राहुल रोत, लक्ष्मी रोत, महासचिव दिनेश अहारी, सचिव हीना खराडी, सीमा रोत, मनोज कटारा, सुनील रोत, सह सचिव माया गमेती, कोषाध्यक्ष कपिल कलासुआ, प्रवक्ता हसमुख परमार, ममता खराड़ी, मीडिया प्रभारी हरिओम खराडी, संदीप डामोर, कार्यकारिणी सदस्य टिंकल खराड़ी, सोनल आमलिया, रोशन रोत, दिलीप रोत, कमलेश रोत, सुरेश कटारा, किशन ननोमा, बंशीलाल अहारी, करण डामोर, आकाश ननोमा, राहुल रोत, राहुल पारगी, मनोज कलासुआ एवं सुनील कलासुआ को नियुक्त किया गया।

### छात्र हितों के लिए संघर्ष का संकल्प

नवनियुक्त अध्यक्ष पोपटलाल डामोर ने अपनी नियुक्ति पर संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे महाविद्यालय में विद्यार्थियों को आ रही शैक्षणिक, प्रशासनिक व बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए सदैव अग्रसर रहेंगे। जिला पदाधिकारियों ने नए पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन की नीतियों और छात्र कल्याणकारी सोच को धरातल पर उतारने का आह्वान किया। इस अवसर पर भील प्रदेश विद्यार्थी मोर्चा के दर्जनों कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# जयपुर में बैंक मैनेजर को लिफ्ट में लूटा:जिम से लौटकर फ्लैट में जा रहे थे

### अपार्टमेंट की लिफ्ट में दो बदमाशों ने पिस्टल तानी

**जयपुर।** सोमवार सुबह जवाहर नगर इलाके के सिंधी कॉलोनी में लूट की वारदात को अंजाम देकर बदमाश बिना नंबर की स्कूटी से फरार हो गए। जयपुर में नकाबपोश 2 बदमाशों ने पिस्टल की नोक पर यूनियन बैंक के मैनेजर नवीन कुमार शर्मा को लिफ्ट में लूट लिया। बदमाश सोने की चेन,कडा समेत अन्य ज्वेलरी ले गए। बदमाशों ने उनके अपार्टमेंट की लिफ्ट में इस वारदात को अंजाम दिया गया। इस दौरान लिफ्ट में पडोसी युवती भी मौजूद थी। यह पूरी घटना शहर के पॉश इलाके जवाहर नगर स्थित सिंधी कॉलोनी की सोमवार सुबह की है। लूट के बाद दोनों बदमाश बिना नंबर की स्कूटी से फरार हो गए। पुलिस ने नाकाबंदी कराई, पर वो हाथ नहीं आए।

### जिम से लौट रहे थे मैनेजर, चौथी मंजिल का पूछा पता

नवीन कुमार शर्मा सिंधी कॉलोनी स्थित साईं कृपा अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल पर रहते हैं। 37 साल के मैनेजर ने बताया- मैं रोज की तरह सुबह करीब 8:30 बजे जिम से लौटकर अपने घर जा रहा था। लिफ्ट में मेरे साथ पडोसी में रहने वाली युवती भी थी। इसी दौरान मुंह पर कपड़ा बांधे दो युवक पीछे-पीछे लिफ्ट में आए। मैंने उनसे पूछा कि किस फ्लोर पर जाना है। उन्होंने चौथी मंजिल पर रहने वाले अमित से मिलने की बात कही। जब मैंने कहा कि अपार्टमेंट में कोई अमित नहीं रहता, तो बदमाशों ने तुरंत पिस्टल निकालकर मेरे सिर पर तान दी। उन्होंने मेरी सोने की चेन, कड़ा, सोने की अंगूठी और डायमंड रिंग उतरवा ली।

### धमकाकर वापस ग्राउंड फ्लोर पर ले गए लिफ्ट

बदमाशों ने लूटपाट के बाद मैनेजर को धमकाकर लिफ्ट वापस ग्राउंड फ्लोर पर ले गए। नीचे आते ही दोनों फरार हो गए। घबराए बैंक मैनेजर युवती को लेकर सीढ़ियों से अपने फ्लैट पर पहुंचे और परिजनों को आपबीती सुनाई। नवीन कुमार (पीडित) की पत्नी मोनिका शर्मा के अनुसार, घटना के समय पूरा परिवार दहशत में आ गया। यूनियन बैंक के मैनेजर नवीन कुमार शर्मा (काली टी शर्ट) के साथ सोमवार सुबह करीब साडे आठ बजे उनके अपार्टमेंट की लिफ्ट में लूट की घटना हुई है। बदमाश बिना नंबर प्लेट की सफेद एक्टिवा पर आए थे। मुंह पर भी कपडा बांधा हुआ था। एक बदमाश ने रेड कलर की शर्ट और पजामा पहन रखा था। मुंह पर सफेद रंग का गमछा बांधा हुआ था। वहीं दूसरे बदमाश ने पैंट-शर्ट पहन रखी थी। वारदात के बाद पुलिस की पड़ताल में पता चला कि साईं कृपा अपार्टमेंट के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे लंबे समय से खराब पड़े थे। इसकी वजह से लिफ्ट के पास की फुटेज पुलिस को नहीं मिल सकी। सामने वाली बिल्डिंग में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई तो दोनों बदमाश सफेद रंग की बिना नंबर प्लेट वाली एक्टिवा पर तेजी से भागते हुए नजर आए।

## साइबर ठगी के 2 आरोपी गिरफ्तार, 10 एटीएम कार्ड बरामदःदो बैंक पासबुक और एक आईफोन जब्त; साइबर ठगी से जुड़े 4.50 लाख रुपए फ्रीज



**जयपुर।** जयपुर में ऑपरेशन म्यूल हंटर के तहत पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों से 10 एटीएम कार्ड, दो बैंक पासबुक, एंड्रॉयड मोबाइल और एक आईफोन बरामद किया। साथ ही साइबर ठगी से जुड़े 4.50 लाख रुपए भी फ्रीज कराए। जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ यह कार्रवाई की। जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस ने रविवार को विशेष अभियान चलाकर यह कार्रवाई की। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपियों के तार राजस्थान के विभिन्न जिलों के अलावा अन्य राज्यों से भी जुड़े हुए हैं। इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान और पूरे गिरोह का खुलासा करने के लिए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। डीसीपी नॉर्थ करण शर्मा ने बताया– राजस्थान पुलिस के साइबर क्राइम एवं तकनीकी सेवा महानिदेशक के निर्देश पर 27 मार्च से राज्यभर में संदिग्ध बैंक खातों और साइबर ठगी में उपयोग होने वाले खातों के खिलाफ ऑपरेशन म्यूल हंटर चलाया जा रहा है।

### अभियान में शामिल पुलिस टीम

थाना प्रभारी रघुवीर सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक हरओम सिंह, कॉन्स्टेबल ओमेश, रामसिंह, रमेश कुमार, धोलाराम, रैहान सिंह तथा साइबर क्राइम यूनिट के तकनीकी सहायक सुधीर ने कार्रवाई को अंजाम दिया। इस कार्रवाई में कॉन्स्टेबल रामसिंह और रमेश कुमार की विशेष भूमिका रही। इनकी सक्रियता से आरोपियों को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद किए गए।

# युवा शंखनाद महाखेल सम्मेलन की तैयारियों ने पकड़ा जोर

## संघ कार्यालय में 40 से अधिक समाजों की बैठक संपन्न





**डूंगरपुर/ संतोष व्यास ।** मोबाइल और सोशल मीडिया के दौर में युवाओं को मैदानी खेलों से जोड़ने तथा उनकी सोच व जीवनशैली को सकारात्मक दिशा देने के उद्देश्य से आगामी 16 अगस्त को युवा शंखनाद महाखेल सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित इस महाखेल सम्मेलन की तैयारियों को लेकर स्थानीय संघ कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले में निवासरत 40 से 45 समाजों के अध्यक्षों और प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से सहभागिता दर्ज कराई।

### समाजों, शैक्षणिक संस्थाओं और जिम संचालकों की जुटी भागीदारी

बैठक में केवल सामाजिक प्रतिनिधि ही नहीं, बल्कि विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के संस्थापक, विद्यालय व महाविद्यालय संचालक, छात्रावास प्रबंधन, जिम व अखाड़ों के संचालक तथा युवा शिक्षक व प्राध्यापक भी शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए भूपेश ओदिच्य ने सभी समाज प्रमुखों से अपने-अपने समाज के युवाओं को इस महाखेल में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। इस दौरान उपस्थित प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से संभावित प्रतिभागी युवाओं की अनुमानित संख्या भी साझा की। बैठक में वक्ताओं ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान में युवा वर्ग सोशल मीडिया, रील्स और शॉर्ट्स की आभासी दुनिया में अत्यधिक उलझता जा रहा है, जिससे उनका शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास प्रभावित हो रहा है। महाखेल सम्मेलन का मुख्य ध्येय युवाओं को पारंपरिक खेलों के माध्यम से साहस, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना सिखाना है ताकि वे जीवन की चुनौतियों का धैर्य और आत्मविश्वास से सामना कर सकें।

### आसान पंजीकरण के लिए क्यूआर कोड और लिंक जारी

युवाओं को पंजीकरण प्रक्रिया में किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए आयोजन समिति द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हेतु क्यूआर कोड एवं वेब लिंक जारी किया गया। इसके माध्यम से युवा घर बैठे अपना पंजीकरण करा सकेंगे।

### ये प्रमुख जन रहे उपस्थित

बैठक में रमाकांत भावसार, शरद जोशी, प्रशांत चौबीसा, मुकेश जोशी, शिवराम मोची, कन्हैयालाल सोमपुरा, प्रदीप पालीवाल, शैलेश मेहता, सुनील जैन, धर्मेंद्र वोरा, सिद्धार्थ मेहता, भानु सेवक, सूर्यवीरसिंह, मोतीलाल खटिक, गजेश जोशी, प्रकाश पंचाल, सुभाष रोत, जगदीश वैष्णव, मुकेश पवार, पुरुषोत्तम सुथार, किशन भोई, राजेश चौबीसा, पूनमचंद लबाना, धनपाल जैन, राजेश पंचाल, शंकर फूमतिया, नरेंद्र आर्य, नवनीत श्रीमाली सहित कई प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# राजस्थान में 35.28 प्रतिशत जेन जी 'खाली': न पढ़ाई, न रोजगार, ना ही ट्रेनिंग, यह राष्ट्रीय औसत से 10 प्रतिशत ज्यादा

जयपुर। राजस्थान की जेन जी (जनरेशन जेड) पीढ़ी यानी 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के 35.28त्र युवा न पढ़ते, न रोजगार से जुड़े और न ही किसी कौशल प्रशिक्षण में शामिल हैं। यानी लगभग हर तीसरा युवा नीट (नॉट इन एजुकेशन, एम्प्लॉयमेंट एंड ट्रेनिंग) श्रेणी में है, जो राष्ट्रीय औसत लगभग 25% से भी ज्यादा है। इस तरह 2026 की जनसंख्या के अनुमान के मुताबिक प्रदेश में 15 से 29 वर्ष तक के 2.20 करोड़ युवाओं में से 77.61 लाख खाली बैठे हैं। क्योंकि, 1997 से 2012 के बीच जन्मी यह पीढ़ी डिजिटल दौर में पली-बढ़ी, लेकिन इसके एक बड़े हिस्से का शिक्षा, कौशल और रोजगार से जुड़ाव नहीं है। प्रदेश के सांख्यिकी विभाग के कॉम्प्रिहेंसिव एनुअल मॉड्यूलर सर्वे के अनुसार, सामाजिक आधार पर भी नीट युवाओं का प्रतिशत अलग-अलग है। मसलन, अनुसूचित जनजाति में यह प्रतिशत 37.42, अनुसूचित जाति में 35.05, ओबीसी में 33.61 और अन्य सामाजिक वर्ग में 37.98 प्रतिशत है। लेकिन, सभी प्रमुख सामाजिक वर्गों में नीट युवाओं की हिस्सेदारी एक-तिहाई के आसपास या उससे अधिक है। हालांकि, 15-29 वर्ष आयु वर्ग में 65.9त्र युवा मोबाइल चलाना जानते हैं। इनमें से 83.9त्र स्मार्टफोन इस्तेमाल करते हैं। लेकिन, इनमें डिजिटल साक्षर सिर्फ 31.3 फीसदी ही हैं। उधर, विशेषज्ञों का मानना है कि नीट दर ज्यादा होना चिंताजनक है। इसका अर्थ है कि बड़ी संख्या में युवा शिक्षा पूरी करने, कौशल प्रशिक्षण लेने और रोजगार से जुड़ने में पीछे छूट रहे हैं।

### उम्र बढ़ने के साथ बढ़ी नीट की हिस्सेदारी


सर्वे के मुताबिक, राज्य में 15-24 वर्ष आयु वर्ग में नीट प्रतिशत 30.07 है। जबकि, 15-29 वर्ष आयु वर्ग में यह आंकड़ा 35.28% तक पहुंच गया। यानी 15-29 वर्ष आयु वर्ग में नीट युवाओं की हिस्सेदारी 5.21 फीसदी अधिक है।

### एक साल में 29.8% ही अनौपचारिक शिक्षा या प्रशिक्षण में शामिल हुए

12 माह में केवल 29.8% लोगों ने किसी औपचारिक या अनौपचारिक शिक्षा या प्रशिक्षण में हिस्सा लिया है। 15-24 वर्ष आयु वर्ग में यह भागीदारी 53.8% 15-29 वर्ष आयु वर्ग में 39.6% रही।

# जयपुर में महाकाल की तर्ज पर भस्म आरती

# दूल्हा स्वरूप में शिवजी का श्रृंगार



ताड़केश्वर महादेव, जयपुर



रंगीला महादेव मंदिर, जयपुर





## 1000 सीढ़ियां चढ़कर श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया

**जयपुर।** सावन के पहले सोमवार के दिन राजस्थान के शिवालयों में भारी भीड रही। जयपुर के ताडकेश्वर महादेव मंदिर में सुबह 4 बजे उज्जैन महाकाल की तर्ज पर भस्म आरती की गई। पुजारी शक्ति व्यास ने बताया– मंदिर का पट सुबह 3.45 पर खोल दिया गया था। सुबह 4.30 बजे भगवान भोलेनाथ का 51 किलो देसी गाय के घी, 151 किलो दूध, दही, शहद और शक्कर से अभिषेक किया गया। मंगला आरती के समय भगवान भोलेनाथ को दूल्हे स्वरूप में श्रृंगार किया गया। जालोर के सिरे मंदिर में श्रद्धालुओं ने 1000 सीढ़ियां चढ़कर भगवान की पूजा की। जयपुर में श्रद्धालुओं ने गलताजी से जल भरा और शिवालयों के लिए रवाना हुए। राजधानी के झारखंड महादेव मंदिर के बाहर करीब 2 किमी लंबी लाइन लगी। श्रद्धालु कतारबद्ध होकर जलाभिषेक के लिए अपनी बारी का इंतजार करते रहे।

### सुरक्षा के कडे इंतजाम रहे

कांवड़ यात्रा और मंदिरों मे भीड़ को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए। शहर में करीब 200 पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे, जबकि कांवड़ यात्रा मार्गों और संवेदनशील क्षेत्रों पर ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी रखी गई। प्रमुख मंदिरों में बैरिकेडिंग, अलग-अलग प्रवेश और निकास मार्ग, पार्किंग और पुलिस जाब्ते की व्यवस्था की गई। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने सभी अधिकारियों को संवेदनशील स्थानों पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए थे।

### कोटा- थेकडा शिव मंदिर में एक किमी लंबी लाइन

सावन के पहले सोमवार को कोटा के शिवालयों में भक्तों का पहुंचना जारी है। कोटा के प्रसिद्ध थेकड़ा स्थित शिवपुरी धाम में भगवान शिव का अभिषेक करने के लिए एक किलोमीटर लंबी कतार (लाइन) लगी है। यहां शिवलिंग स्थल से लेकर मंदिर के बाहर नहर तक भक्तों की भारी भीड़ है।

### जयपुर- ताडकेश्वर महादेव मंदिर में ढोल-मंजीरे बजाए

जयपुर के ताड़केश्वर महादेव मंदिर में देवी पूजक ढोल की ओर से ढोल मंजीरे बजाकर शंखनाद किया गया। पंडित कमलकांत शर्मा ने बताया – सावन मास का आज पवित्र सोमवार है। जो भी श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा करते हैं उनपर भगवान विशेष रूप से कृपा करते हैं। कुंवारी लड़कियां अच्छे वर की प्राप्ति के लिए व्रत करती हैं। आज के दिन नागपंचमी का विशेष संयोग भी है। इनकी कुंडली में काल सर्प योग है, उसके निदान के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है।

### नाहरगढ़ पर अघोरी बाबा ने शिवलिंग बनाया

जयपुर में नाहरगढ़ पर स्थित बांग्ला स्थल पर एक अघोरी बाबा ने गाय के गोबर और गोमूत्र का इस्तेमाल कर शिवलिंग तैयार किया है। अघोरी बाबा पिछले तीन से इस शिवलिंग का निर्माण कर रहे हैं।

### जालोर- एक हजार सीडियां चडकर मंदिर पहुंचे शिवभक्त

जालोर के सिरे मंदिर में सोमवार सुबह 4 बजे से श्रद्धालु हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए पहुंचने लगे थे। दर्शन के लिए लोगों को करीब एक घंटे तक लाइन में खड़ा रहना पड़ा। सुबह 6 बजे से रुक-रुककर हल्की बूंदाबांदी भी होती रही। बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था कम नहीं हुई और वे कतारों में खड़े होकर दर्शन करते रहे। सिरे मंदिर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को जालोर शहर से करीब 3 किलोमीटर का रास्ता तय करना पड़ता है। इसके बाद करीब 1000 सीढ़ियां चढ़कर भक्त भगवान के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचते हैं।

### उदयपुर- नीलकंठ महादेव, जहां महाराणा प्रताप पूजा करते थे

सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में लोग दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। उदयपुर के फतहसागर झील किनारे नीलकंठ महादेव मंदिर में जलाभिषेक करने श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। सुबह 5 बजे से भीड लगी है। यह उदयपुर के प्राचीन मंदिरों में से एक माना जाता है। मान्यता है कि महाराणा प्रताप भी इसी शिव मंदिर में पूजा करते थे।

### जयपुर के रंगीला महादेव मंदिर में बेलपत्र, पुष्प, धतूरा अर्पित किया गया

जयपुर के डूंगरी स्थित रंगीला महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं ने सबसे पहले भगवान शिव का जल, दूध और पंचामृत से अभिषेक किया। इसके बाद बेलपत्र, पुष्प, धतूरा और अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। पूजा-अर्चना के उपरांत मंदिर में भव्य आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।


### दौसा- 350 सीडी चडकर नीलकंठ महादेव पहुंचे श्रद्धालु

दौसा की देवगिरी पहाड़ी पर स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर में श्रद्धालु 350 सीढ़ियां चढ़कर पहुंचे। सोमवार सुबह 3 बजे से लंबी कतारें लगी हुई हैं। लगातार श्रद्धालु दर्शन कर जल और दूध से अभिषेक कर रहे हैं। सावन के तीसरे सोमवार को यहां लक्खी मेला लगता है। डिप्टी एसपी धर्मेंद्र शर्मा के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था के लिए कोतवाली, सदर और महिला थाना सहित आरएसी एवं ट्रैफिक पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं। सुबह 5.30 बजे हल्की बारिश के बीच लोगों ने दर्शन किए।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर संसद में हंगामा

## लोकसभा में सुप्रीम कोर्ट के जजों की संख्या बढ़ाने वाला बिल पास, राज्यसभा में MSME संशोधन बिल को मंजूरी

**नई दिल्ली।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मुद्दे पर लोकसभा में विपक्षी सदस्यों के लगातार हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही मंगलवार तक स्थगित कर गई है। इसके पहले लोकसभा ने सुप्रीम कोर्ट के जजों की संख्या (CJI सहित) 34 से बढ़ाकर 38 करने संबंधी बिल बिना चर्चा के पास कर दिया। वहीं राज्यसभा ने MSME विकास (संशोधन) बिल पास कर दिया गया। इसके बाद सदन की कार्रवाई मंगलवार तक स्थगित कर दी गई। विपक्षी सांसदों ने प्रश्नकाल शुरू होते ही नीट पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर पुलिस कार्रवाई और राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मुद्दे पर हंगामा शुरू कर दिया। विपक्ष ने छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर गृह मंत्री अमित शाह के सदन आने और उनके बयान की मांग करते हुए नारे लगाए।




### मानसून सत्र में दो बिल पास

संसद के मौजूदा सत्र में 8 बिल लिस्ट किए गए हैं। इनमें से वंदे मातरम और पब्लिक एग्जामिनेशन संशोधन बिल (पेपर लीक) दोनों सदनों में पास हो चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट (जजों की संख्या) संशोधन बिल लोकसभा में और **MSME** विकास (संशोधन) बिल राज्यसभा में पास हुआ है। जन्म-मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) बिल, आयकर (संशोधन) बिल,, विदेशी अंशदान (**FCRA**) संशोधन बिल और विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान बिल को संसद की मंजूरी मिलनी बाकी है।

### मेघवाल ने बिल पेश किया, विपक्ष का प्रस्ताव खारिज

लोकसभा में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाने वाला बिल पेश किया। पीठासीन अधिकारी ने सदस्यों से वैधानिक प्रस्ताव पर बोलने का आग्रह किया, लेकिन नारेबाजी जारी रहने के कारण बिल को वोटिंग के लिए रखा गया और फिर पास कर दिया गया। विपक्ष के सदस्यों ने अध्यादेश लाने के खिलाफ एक वैधानिक प्रस्ताव पेश किया था, जिसे वॉइस वोट से खारिज कर दिया गया।




### राजीव शुक्ला बोले- राम मंदिर दान का मुद्दा संसद में उठाया जाएगा

कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने कहा कि राम मंदिर दान का मुद्दा सोमवार को भी संसद में उठाया जाएगा। उन्होंने सवाल किया कि राम मंदिर ट्रस्ट संत-महात्माओं को क्यों नहीं सौंपा जाता? विश्व हिंदू परिषद के सदस्य ट्रस्ट में क्यों हैं? उन्होंने कहा कि महपाल सिंह के **SIT** के सामने दिए गए बयान से मामला और उजागर हुआ है। उनके मुताबिक, दान की रकम पर कारसेवकपुरम में रहने वाले **VHP** से जुड़े लोगों के पास गई और उसका इस्तेमाल **VHP** के कार्यक्रमों तथा मकान बनाने में किया गया।

### डिंपल यादव बोली- सरकार से लोग पूरी तरह निराश

समाजवादी पार्टी सांसद डिंपल यादव ने कहा कि यह सिर्फ असली मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश है। सरकार से लोग पूरी तरह निराश हैं। राम जन्मभूमि से जुड़े भूमि घोटाले और दान की चोरी के मामले के लिए सरकार पूरी तरह जिम्मेदार है। यह बात उन्होंने राहुल गांधी, पप्पू यादव और अवधेश प्रसाद के खिलाफ सनातन धर्म के अपमान के मामले में दर्ज **FIR** पर प्रतिक्रिया देते हुए कही।

## कर्नाटक में मंत्रिमंडल का विस्तार, 4 मंत्रियों ने शपथ ली

**शिवकुमार सरकार में कुल 20 मंत्री शामिल होंगे, इनमें 12 नए चेहरे**



**बेंगलुरु।** कर्नाटक में सीएम डीके शिवकुमार के नेतृत्व वाली सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार हो रहा है। अब तक एच सी बालकृष्ण, के एस बसवंतप्पा, बसवराज रायरेड्डी, एन चालुवरयास्वामी ने बेंगलुरु के लोक भवन में कर्नाटक मंत्री के रूप में शपथ ली है। कांग्रेस हाईकमान ने 20 मंत्रियों के नामों को मंजूरी दे दी है। इनमें 12 नए चेहरे पहली बार मंत्री बनेंगे जबकि 8 मौजूदा मंत्रियों के भी नाम लिस्ट में हैं। गायत्री शांतिगौड़ा मंत्रिमंडल में शामिल होने वाली इकलौती महिला मंत्री होंगी।

### कर्नाटक कैबिनेट में शामिल 20 मंत्रियों के नाम

हाईकमान ने कर्नाटक विधानसभा और विधान परिषद के प्रमुख पदों के लिए भी नामों को मंजूरी दी है। जी.एस. पाटिल को विधानसभा अध्यक्ष, ए.एस. पोन्नन्ना को उपाध्यक्ष, सलीम अहमद को विधान परिषद का सभापति और उमाश्री को उपसभापति बनाए जाने को मंजूरी दी गई है। इससे पहले राज्य मंत्री प्रियंक खड़गे ने कहा था कि कैबिनेट विस्तार पर अंतिम फैसला कांग्रेस हाईकमान को लेना है। उन्होंने कहा कि पार्टी के पास 140 से अधिक विधायक हैं और हर जिले व समुदाय से कई सक्षम नेता हैं, इसलिए सीमित मंत्री पदों के लिए चयन करना आसान नहीं था। डीके शिवकुमार ने 3 जून को उपमुख्यमंत्री जी परमेश्वर और 12 अन्य मंत्रियों के साथ शपथ ली थी। कर्नाटक में संवैधानिक रूप से मुख्यमंत्री सहित कुल 34 मंत्री हो सकते हैं, जिसके चलते अभी भी लगभग 20 पद खाली हैं।

### कर्नाटक में वोक्कालिगा, लिंगायत और कुरबा समाज अहम

कर्नाटक में लिंगायत (लगभग 17%) सबसे बड़ा समुदाय है, जबकि दक्षिण कर्नाटक में वोक्कालिगा (लगभग 15%) का दबदबा है, जिसका नेतृत्व डी के शिवकुमार करते हैं। वहीं, कुरबा (लगभग 7-8%) समाज एक प्रमुख पिछड़ा वर्ग है, जिससें पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया आते हैं। वे अपनी अहिंदा राजनीति के जरिए मजबूत पकड़ रखते हैं। सिद्धारमैया के बेटे डॉ. यतींद्र सिद्धारमैया को भी कैबिनेट में शामिल किया गया है।

## कॉमनवेल्थ में बॉक्सिंग भारत की ताकत, एथलेटिक्स में गोल्ड नहीं

**39 मेडल के साथ चौथे स्थान पर; 123 खिलाड़ियों में 38 मेडलिस्ट, सक्सेस रेट 31%**

**नई दिल्ली।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत ने 13 गोल्ड, 17 सिल्वर और 9 ब्रॉन्ज समेत कुल 39 मेडल जीते। वह मेडल टैली में चौथे नंबर पर रहा। पहली नजर में यह प्रदर्शन बर्मिंघम 2022 के 61 मेडल से कमजोर दिख सकता है, लेकिन आंकड़े अलग कहानी बताते हैं। इस बार ग्लासगो में सिर्फ 10 खेल शामिल थे, जबकि बर्मिंघम में 19 खेल खेले गए थे। बैडमिंटन, कुश्ती, शूटिंग, हॉकी, टेबल टेनिस और क्रिकेट जैसे खेल ग्लासगो गेम्स का हिस्सा नहीं थे, जिनसे 2022 में भारत को 30 पदक मिले थे। इसके अलावा भारत ने 210 खिलाड़ियों की जगह सिर्फ 123 खिलाड़ियों का दल भेजा। इनमें से 38 खिलाड़ी मेडल जीतकर लौटे, यानी सक्सेस रेट 31% रहा। बर्मिंघम में यह आंकड़ा 29% था।


### मेडल के लिहाज से- बॉक्सिंग सबसे बड़ा मेडल बैंक

भारत के 39 पदकों में सबसे बड़ा योगदान बॉक्सिंग का रहा। मुक्केबाजों ने 7 गोल्ड और 3 सिल्वर समेत कुल 10 मेडल जीते। यानी हर चार में से एक मेडल बॉक्सिंग से आया। एथलेटिक्स में 10 मेडल आए, लेकिन इसमें गोल्ड नहीं मिला।

## NEET PG-एक ही शिफ्ट में पेपर, घर के पास सेंटर

**पेपर लीक से सबक- पेपर-एनटीए के दफ्तर की चौबीस घंटे सुरक्षा; 7.5 करोड का टेंडर जारी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने नीट यूजी 2026 परीक्षा के लिए कई बड़े सुधारों की घोषणा की है। इसमें परीक्षार्थियों की यात्रा और परीक्षा में किसी भी प्रकार की धांधली रोकने के लिए कडे कदम उठाए गए हैं। इस बार परीक्षा 30 अगस्त को होनी है। इसके लिए 2.73 लाख उम्मीदवारों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, जो पिछले साल की तुलना में 12.5% ज्यादा है। परीक्षा देशभर के 340 शहरों के लगभग 1300 सेंटर्स पर होगी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नीट-यूजी 2026 पेपर लीक से सबक लेते हुए परीक्षा के पूरे इकोसिस्टम की सुरक्षा पुख्ता करना शुरू कर दिया है। इसके लिए 7.5 करोड का टेंडर जारी किया है। इसमें एनटीए मुख्यालय समेत संवेदनशील जगहों पर 24 घंटे सिक्योरिटी दी जाएगी। यह टेंडर 25



जुलाई को जारी हुआ है। 17 अगस्त को बोलियां खोली जाएंगी। जो भी एजेंसी नियुक्त होगी, उसे दो साल काम मिलेगा।

### ये बदलावः फिंगर प्रिंट नहीं मिले तो आंखें स्कैन कर देंगे एंट्री

**आधार की जांचः** आवेदन और एग्जाम के दिन 'आधार' आधारित वैरिफिकेशन होगा। बायोमीट्रिक जांच होगी। इसके लिए छात्रों को 2-3 घंटे पहले सेंटर पहुंचना होगा। फिंगरप्रिंट न मिलने पर आईरिस (आंखों की पुतली) स्कैन की जाएगी।

**एक्स्ट्रा सिक्योरिटीः** 60,000 से ज्यादा कर्मियों की तैनाती, सीसीटीवी, सिग्नल जैमर और स्वतंत्र पर्यवेक्षक लाइव निगरानी करेंगे।

**क्वेश्चन पेपरः** परीक्षा के कुल 210 मिनट (3 घंटे 30 मिनट) को अलग-अलग सेक्शन (ए, बी, सी) में बांटा है। हर सेक्शन को हल करने के लिए समय मिलेगा। एक बार सेक्शन सबमिट होने या उसका समय समाप्त होने के बाद अभ्यर्थी उस पर वापस नहीं लौट सकेंगे।

**नेगेडटिव मार्किंगः** प्रत्येक सही उत्तर के लिए +4 नंबर दिए जाएंगे, जबकि प्रत्येक गलत उत्तर पर -1 नंबर (25% नेगेटिव मार्किंग) काटा जाएगा। जिन प्रश्नों का जवाब नहीं दिया, उनके लिए 0 नंबर होगा।

**इमरजेंसीः** यदि किसी केंद्र पर तकनीकी खराबी या सर्वर समस्या के कारण इमरजेंसी स्थिति बनती है, तो त्वरित बैकअप व्यवस्था की जाएगी।

## हरिद्वार में पहले सावन सोमवार पर 1 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे

**उज्जैन में 1 लाख भक्तों ने किए दर्शन; देवघर में 5किमी., बनारस में 3किमी. लंबी लाइन**



**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के हरिद्वार में कांवड़ यात्रा शुरू होने के बाद से सोमवार दोपहर 12 बजे तक करीब 1 करोड़ कांवड़िए पहुंच चुके हैं। मध्य प्रदेश के उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में अब तक 1.10 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। वहीं, झारखंड के देवघर के बैद्यनाथ मंदिर में भक्तों की 5 चरूलंबी लाइन लगी है। उत्तर प्रदेश के काशी विश्वनाथ मंदिर में अब तक 2 लाख से ज्यादा भक्त दर्शन कर चुके हैं। कांवडियों और भक्तों की 3 किलोमीटर लंबी लाइन लगी है। जलाभिषेक के लिए भक्तों को केवल 1 सेकेंड का समय मिल रहा है।





### काशी विश्वनाथ मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया

उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर में सावन के पहले सोमवार पर हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। भगवान शिव के दर्शन और पूजन के लिए सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं।

### केदारनाथ में 1500 से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे

केदारनाथ में सावन के तीसरे सोमवार पर 1,500 से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे। इससे पहले यहां रोजाना करीब 1,000 श्रद्धालु ही पहुंच रहे थे। उत्तराखंड में पूर्णिमांत पंचांग के अनुसार आज सावन का तीसरा सोमवार है।

### राजस्थानः अलवर में पांडवों का लाया शिवलिंग, इसे औरंगजेब भी नहीं तोड़ पाया

मान्यता है कि इस मंदिर के शिवलिंग की स्थापना पांडवों ने द्वापर युग में की थी। काशी से शिवलिंग लाकर इस मंदिर में स्थापित किया गया था। तभी से मंदिर में शिवलिंग की पूजा होती है। पांडवों के समय से ही मंदिर में अखंड ज्योत जलती है।

### फरीदाबादः जॉर्डन से नौकरी छोड़कर आया, प्रेमानंद महाराज के लिए दंडवत कांव? यात्रा

फरीदाबाद के सरूरपुर गांव का 28 साल का रमन हरिद्वार से दंडवत कांवड़ यात्रा पर निकला है। वह हाल ही में जॉर्डन से नौकरी छोड़कर भारत आया। वह 4 लीटर गंगाजल से भरा कलश लेकर वृंदावन जा रहा है। रमन का कहना है कि वह प्रेमानंद महाराज के अच्छे स्वास्थ्य की कामना के लिए यह यात्रा कर रहा है और वृंदावन पहुंचकर उन्हें गंगाजल से स्नान कराना चाहता है।

## कॉकरोच जनता पार्टी दो दिन की रणनीतिक बैठक करेगी

**कहा- राजनीतिक दल नहीं बनाएंगे; दीपके बोले- स्कॉलरशिप के पैसों से अमेरिका गया था**



**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी 5 अगस्त से छत्रपति संभाजीनगर में दो दिन की रणनीति बैठक करेगी। इस बैठक में पार्टी के संस्थापक, प्रवक्ता और संगठन से जुड़े लोग शामिल होंगे। पार्टी ने कहा कि वह राजनीतिक दल नहीं बनाएगी। बैठक के बाद सीजेपी देशभर में अपने युवाओं की जरूरतों को समझने के लिए लिसनिंग टूर करेगी। पार्टी फाउंडर अभिजीत डीपके ने कहा कि उन्हें बोस्टन यूनिवर्सिटी से स्कॉलरशिप मिली थी और बाकी पैसों के लिए लोन लिया था, जो अभी चुकाना बाकी है। इससे पहले, सूरत के एक आरटीआई कार्यकर्ता ने उनके पिता की संपत्ति और फंड की जांच की मांग की थी। और सवाल उठाए थे कि डीपके के पास अमेरिका जाकर पढ़ाई करने के पैसे कहां से आए।

### दीपके बोले- जंतर-मंतर पर घुसपैठिए घुसे

अभिजीत दीपके ने आरोप लगाया कि जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण छात्र विरोध प्रदर्शन में बाहरी लोगों ने घुसपैठ की थी, जिसके कारण 20 जुलाई को संसद मार्च के दौरान हिंसा हुई। उन्होंने दावा किया कि विरोध को बदनाम करने के लिए बाहर से लोग भेजे गए थे। इन लोगों की दिल्ली पुलिस के साथ मिलीभगत थी।

### दिल्ली पुलिस पर उठाए सवाल

दीपके ने गृह मंत्री अमित शाह और दिल्ली पुलिस पर निशाना साधते हुए कहा कि विरोध प्रदर्शन के दौरान पत्थरबाजी और पुलिस कार्रवाई कैसे हो सकती है। उन्होंने सवाल किया कि क्या पुलिस केवल 12 साल की लड़कियों पर लाठी चलाने के लिए सक्रिय होती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस का यह कहना कि विरोध स्थल पर 2100 अपराधी देखे गए थे, यह अमित शाह और पुलिस की विफलता है। उन्होंने इसे पुलिस की सोची-समझी साजिश करार दिया।